व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य
2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 30th दिसम्बर, 2026

द्वितीय सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

व्यवसाय प्रशासन में स्नातक

(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य 2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BCOC-131, BCOC-133, ECO-07 और BRL-113 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. आर. एल. – 113**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**व्यावसायिक नैतिकता**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी. आर. एल. – 113/टी. एम. ए./2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न

1. किसी संगठन में व्यावसायिक नैतिकता को लागू करने के क्या फायदे हैं ? (10)
2. डेटा कि गोपनीयता कि आवश्यकता क्यों है ? (10)
3. अप्रचलन से क्या तात्पर्य है? उत्पाद अप्रचलन और नियोजित अप्रचलन के बीच अंतर करें। (10)
4. विभिन्न खुदरा मूल्य निर्धारण रणनीतियाँ क्या हैं ? उन्हें संक्षेप मे समझाएं। (10)
5. खुदरा संवर्धन मे नैतिक प्रथाओं को रेखांकित करने वाले प्रमुख सिद्धांत क्या हैं? (10)
6. माल –सूची के प्रबंधन में नैतिकता के महत्व पर प्रकाश डालिए। (10)
7. व्यावसायिक खतरे क्या हैं? कार्यस्थल पर व्यावसायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न चरणों पर चर्चा करें। (10)

ख) निबंध उत्तर प्रकार के प्रश्न

8. किसी खुदरा कंपनी की सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियाँ क्या हैं ? (15)
9. ग्राहकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में पारदर्शिता और ईमानदारी की भूमिका पर चर्चा करें। (15)